# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे, विश्वविद्यालय मार्ग

तीनपानी बाईपास,हल्द्वानी जनपद नैनीताल 263139

**Tel: 18001804025,** +91-(5946) –286006

**Website:** http://www.uou.ac.in


**Tender Document No-**UOU/SPS/15/2021-22/9183

Date: 18 / 08 /2021

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी की परीक्षाओं हेतु उत्तर पुस्तिकाओं तथा विभिन्न प्रकार के परीक्षा प्रपत्र uou–2, uou–3, uou–5, uou–6, uou–7, uou–8, मुद्रण तैयार कर आपूर्ति करने जाने हेतु ई–निविदा

## ई–निविदा आमंत्रण

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु उत्तर पुस्तिकाओं तथा विभिन्न प्रकार के परीक्षा प्रपत्र uou–2, uou–3, uou–5, uou–6, uou–7, uou–8, मुद्रण तथा आपूर्ति हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। अर्ह एवं इच्छुक निविदादाता ई–निविदा की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रारूप तथा शर्तें वेबसाइट www.uou.ac.in अथवा www.uktenders.gov.in पर देख सकते हैं।

कुलसचिव

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, तीनपानी बाइपास, हल्द्वानी,नैनीताल–263139

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी की परीक्षाओं हेतु उत्तर पुस्तिकाओं के मुद्रण तथा आपूर्ति कराए जाने हेतु निम्नानुसार ई–निविदा आंमत्रित की जाती है :–

| क्रम सं0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट uktenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 24/08/2021 |
| 2. | निविदा आवेदन पत्र शुल्क रू–590.00 (पॉच सौ नब्बे मात्र) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी कोष में ऑनलाइन जमा किये जाने की अन्तिम तिथि | 07/09/2021 |
| 3. | तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 07/09/2021 |
| 4. | तकनीकी निविदा खोलने की प्रस्तावित तिथि | 07/09/2021<br>(सायं 03.00 बजे) |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की प्रस्तावित तिथि | तकनीकी निविदा खोले जाने के उपरान्त बताई जायेगी । |

## निविदा की शर्तें

1. वर्तमान निविदा के सापेक्ष प्रतिक्रिया दो बोली प्रणाली (तकनीकी तथा वित्तीय) से की जा सकेगी। इस निविदा के संलग्नक–01 के अनुसार तकनीकी बिड का प्रारूप एवं समस्त वांछित प्रारूप ऑनलाईन जमा किये जाने आवश्यक हैं अन्यथा तनकीकी बिड निरस्त कर दी जायेगी।
2. यदि किसी कारणवश निविदा खोले जाने के दिवस को अवकाश घोषित होता है तो उस स्थिति में अगले कार्यदिवस में निविदायें खोली जाएंगी।
3. ई–निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदादाता के पास वैध–डी0एस0सी0 होनी आवश्यक है तथा प्रतिभाग करने के लिए निविदादाता को uktenders.gov.in पर स्वयं पंजीकरण कराना होगा।
4. आपूर्तिकर्ता जिन्हें उत्तराखण्ड शासन के नियमानुसार निविदा शुल्क में छूट हो वे इस आशय का प्रमाणपत्र निविदा भरते समय वेबसाइट में अपलोड करेंगे अन्यथा उनको यह छूट प्रदान नहीं की जाएगी तथा यदि वे बिना प्रमाणपत्र के निविदा में प्रतिभाग करेंगे तो उनके द्वारा भरे गए निविदा प्रस्ताव पर छूट हेतु विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
5. निविदा आवश्यक रूप से दिये गये मानकों के अनुसार होनी चाहिए। मानक के अनुरूप न पाए जाने पर निविदा रद्द कर दी जाएंगी। अधूरे अथवा अस्पष्ट ऑफर को रद्द कर दिया जायेगा।
6. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह पूर्ण अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए एक अथवा समस्त प्रस्तावों को स्वीकार/अस्वीकार कर सकता है। साथ ही बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में निविदा प्रक्रिया पर रोक तथा पुनः नवीन निविदा आमंत्रित सकता है।
7. निविदाकर्ता की ओर से किसी प्रकार के नियम अथवा शर्त आरोपित किया जाना स्वीकार नहीं होगा। वेबसाईट में अपलोड की गयी निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर तथा फर्म के मालिक/साझीदार के हस्ताक्षर अंकित होने अनिवार्य है।

8. निविदा आवेदन पत्र शुल्क रु0 590.00 (रु0 पॉच सौ नब्बे मात्र) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय कोष में ऑनलाईन जमा करना होगा।

9. उत्तराखण्ड शासन वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 के आदेश संख्या 121 (1)/XXXVII(7)/21-31/2007 दिनांक 29.04.2021 द्वारा दिनांक 31.12.2021 तक निविदा की शर्तो में शिथिलीकरण प्रदान किया गया है, के आलोक में निविदादाताओं से धरोहर राशि नहीं ली जाएगी प्रत्युत निविदादाताओं द्वारा अनुबन्ध से पूर्व रु0 100/– के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में Bid Security Declaration /शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा। (प्रारूप, संलग्नक–4)

10. बैक खाता विवरण जिसमें ऑनलाईन राशि जमा की जानी है, तथा जमा निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का ट्रान्जैक्शन विवरण/रसीद को ऑनलाईन निविदा में अपलोड किया जाना आवश्यक है। अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

Account Name---------------Uttarakhand Open University

State Bank of India ----- 30617837388

Bank IFS Code ----- SBIN0005100

11. निविदादाता के पास राज्य विश्वविद्यालयों/ बोर्डों परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकाओं के मुद्रण एवं आपूर्ति का कम से कम 03 (तीन) वर्षो का अनुभव होना चाहिए, अनुभव प्रमाण पत्र तकनीकी बिड के साथ अपलोड किया जाना आवश्यक है।

12. निविदादाता का वर्ष 2017–18, 2018–19 तथा 2019–20 में प्रत्येक वर्ष में वार्षिक टर्न ओवर रु0 5000000/– (रु0 पॉच लाख मात्र) से कम नहीं होना चाहिए, प्रमाण तकनीकी बिड के साथ अपलोड किया जाना आवश्यक है।

13. यदि मुद्रक फर्म किसी पेपर मिल्स की अधिकृत विक्रेता है तो ऐसी स्थिति में सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

14. निविदादाता फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट न किये जाने सम्बन्धी संलग्न–03 के अनुसार शपथपत्र की स्कैन प्रति अपलोड करनी आवश्यक होगी।

15. संलग्नक–01 के अनुसार तकनीकी बिड प्रारूप तथा तकनीकी बिड में चाहे गये दस्तावेज क्रमवार लगाकर अपलोड करने अनिवार्य होंगे अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

16. सफल निविदादाता को अनुबन्ध के समय कार्य प्रतिभूति के रूप में रु0 200000/– (रु0 दो लाख मात्र) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में जमा कराना होगा।

17. क्रय समिति द्वारा प्रथमतः तकनीकी बिड खोली जाएगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा निर्धारित तिथि को आनलाईन खोली जायेगी।

18. यदि तकनीकी बिड का प्रारूप तथा उसके संलग्नक अपूर्ण पाये जाते हैं तो सम्बन्धित निविदादाता की तकनीकी बिड निरस्त कर दी जायेगी तथा वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।

19. निविदा के दोनों प्रपत्र स्पष्ट रूप से भरे होने चाहिए, अधूरे प्रपत्र एवं कटिंग (ओवर राइटिंग) वाली निविदा मान्य नहीं होगी।

20. निविदादाता यदि उत्तर पुस्तिकाओं के नमूने देखना चाहता है तो किसी भी कार्य दिवस को विश्वविद्यालय में आकर देख सकते है ।

21. स्रोत पर की जाने वाली वैधानिक कटौतियॉ देयकों से की जायेगी एवं मॉग करने पर कटौती का प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

22. सामग्री का क्रय आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा आपूर्ति के साथ क्रयादेश की कॉपी एवं दो प्रतियों में बीजक साथ में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

23. निविदाकार विभाग की आवश्यकतानुसार उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति दिये गये समय के अन्तर्गत करेगा। मुद्रण आदेश के समय कार्यदायी फर्म को उत्तर पुस्तिकाओं का नमूना दिया जायेगा एवं नमूने के अनुसार उत्तर पुस्तिकायें मुद्रित होगी।

24. जिस फर्म की दरें स्वीकृत होती है फर्म को क्रयादेश दिये जाने के 02 दिन के अन्तर्गत आपूर्ति करने हेतु ई–मेल के माध्यम से अपनी सहमति भेजनी होगी।

25. दरें स्वीकृत हो जाने के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति प्रेस का निरीक्षण कर सकती है यदि निरीक्षण में फर्म उक्त कार्य को करने के लिये सक्षम नहीं पाई जाती है तो कार्यादेश निरस्त किया जा सकता है अथवा मुद्रण कार्य दूसरी वरीयता वाली फर्म को दिया जा सकता है तथा ऐसी गलत पायी गई फर्म की धरोहर धनराशि जब्त की जा सकती है।

26. यदि सफल निविदादाता सामग्री की आपूर्ति नियत तिथि तक नहीं कर पाता तो ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश मूल्य का 01 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से कटौती की जाएगी जो कि क्रय आदेश के अधिकतम का 10 प्रतिशत तक हो सकती है। क्रय आदेश को निरस्त किया जा सकता है। यदि क्रय आदेश निरस्त किया जाता है तो ऐसी स्थिति में विक्रेता किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।

27. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि यदि निविदाकार निर्धारित अवधि में सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है, तो जैसा वह उचित समझे निविदाकार के विरूद्व निर्णय ले सकता है जिसमें जॉब सिक्युरिटी राशि जब्त करना भी शामिल है।

28. निविदा पूर्ण तथा यथोचित होनी चाहिए तथा समस्त कर, आकस्मिक व्यय जिसमें इन्श्योरेंस आदि सम्मिलित हो को कवर किया जाना होगा, निविदा स्वयं में पूर्ण होनी चाहिए तथा निविदाकार के समस्त दायित्वों तथा कार्य के संतोषप्रद निर्वहन हेतु आवश्यक समस्त प्रकरण एंव चीजों को कवर किया जाना होगा।

29. निविदा में अंकित दरों में वृद्धि किसी भी स्थिति में अनुमन्य नहीं होगी। अंकित दरें किसी भी कारण यथा सामग्रियों के दाम, मूल सामग्रियों, एक्सचेंज दर, माल भाडें तथा तद्समान लेबर दर इत्यादि आदि में बढ़ोत्तरी पर निर्भर नहीं रहेगी।

30. निविदा अनुबन्ध किये जाने की तिथि से एक वर्ष हेतु दर स्थिर रहेगी। परन्तु आपसी सहमति से अनुबन्ध को आगे बढ़ाये जाने पर विचार किया जा सकता हैं।

31. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह बिना किसी कारण बताए किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त कर सकता हैं।

32. उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण में सेंचुरी पेपर मिल का 70GSM Maplitho White कागज प्रयुक्त करना होगा।

33. उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पेज के ऊपरी भाग पर 00001 से क्रमांक मुद्रित करना आवश्यक होगा। उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ तथा माप निविदा के साथ संलग्न तकनीकी विशिष्टियों के अनुरूप होंगे।

34. उत्तर पुस्तिका के बांयी ओर अच्छी प्रकार की सिलाई होगी तथा विश्वविद्यालय के नाम की परफोरेशन पंचिंग करनी होगी। उत्तर पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर विश्वविद्यालय का मोनोग्राम मुद्रित करना होगा तथा परीक्षा नियंत्रक के हस्ताक्षर मुद्रित होंगे। प्रत्येक पृष्ठ पर समान अन्तर की चौड़ी 28 समानान्तर लाइन होंगी तथा बांयी ओर 01 इंच के हाशिये पर खडी रेखा पर विश्वविद्यालय का नाम मुद्रित होगा, उत्तर पुस्तिकाओं की विशिष्टियां संलग्नक–02 पर है।

35. उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति वाटरप्रूफ पैकिंग के साथ बण्डल में करनी होगी। बण्डल के बाहर मार्कर पेन या कम्प्यूटर प्रिंट द्वारा मोटे अक्षरों में क्रमांक कहां से कहां तक तथा कुल उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या अंकित करनी होगी। उत्तर पुस्तिकाओं की पैकिंग 500 प्रति बण्डल करनी होगी।

36. उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित स्थान पर स्वयं के व्यय पर करनी होगी, किसी भी प्रकार का किराया अनुमन्य नहीं होगा। अंकित दरें कागज, मुद्रण, निर्माण तथा ढुलान सहित अंकित होंगी।

37. उत्तर पुस्तिकाओं का निर्माण तथा समयान्तर्गत आपूर्ति अत्यधिक महत्वपपूर्ण कार्य है। अतः निविदादाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनके पास इस कार्य हेतु पर्याप्त सामग्री, सामर्थ्य तथा अनुभव है। निविदा स्वीकृत होने तथा क्रयादेश निर्गत होने के उपरान्त यदि कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो निविदा प्रतिभूति जब्त कर ली जायेगी। आंशिक कार्य करने के उपरान्त यदि कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो कार्यपूर्ति प्रतिभूति जब्त कर ली जायेगी तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को काली सूची में डाला जायेगा।

38. निविदा खुलने के उपरान्त दरों तथा शर्तों में कोई संशोधन स्वीकार/मान्य नहीं किया जायेगा।

39. समस्त उत्तर पुस्तिकाऐं संतोषजनक रूप से प्राप्त होने पर प्राप्त बिल का 80 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा। शेष 20 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं के प्रयुक्त होने के उपरान्त किया जायेगा। अन्तिम भुगतान हेतु original manuscript, अनुमोदित प्रूफ, दो मुद्रित नमूने तथा चालान की प्रति उपलब्ध करानी होगी।

40. उत्तर पुस्तिकाओ की माप कार्यादेश के अनुरूप न होने, गुणवत्ता का कागज प्रयुक्त न करने, मुद्रण आदि त्रुटिपूर्ण होने, निर्धारित समयान्तर्गत आपूर्ति न होने पर बिल की धनराशि में कटौती करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा, जिस पर कोई आपत्ति नहीं की जायेगी।

41. जिस निविदादाता की दरें स्वीकृत होंगी उसे विश्वविद्यालय के साथ रु0 100/– के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा।

42. आन–लाइन निविदाऐं डाले जाने के उपरान्त किसी भी दशा में निविदा वापस नहीं की जायेगी तथा निविदा प्रतिभूति जब्त कर ली जायेगी।

43. निविदा में स्वीकृत दरें अनुबन्ध की तिथि से 01 वर्ष हेतु वैध होंगी जिसे पारस्परिक सहमति के आधार पर बढ़ाया जा सकेगा।

44. निविदादाता को कार्यादेश मिलने के उपरान्त सम्बन्धित कार्य को किसी दूसरी फर्म/कम्पनी को उप पट्टे पर देने का अधिकार नहीं होगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा प्रतिभूति/कार्य प्रतिभूति जब्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।

45. विश्वविद्यालय को निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा।

46. किसी भी विवाद की स्थिति में मा0 कुलपति जी का निर्णय अंतिम होगा तथा सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा।

47. सम्बधित कार्य के सम्बन्ध में किसी विवाद के लिये न्यायिक क्षेत्र मुख्यालय नैनीताल होगा, अन्य किसी भी न्यायालय में विचारार्थ नहीं होगा।

18/8/21

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी, नैनीताल

## तकनीकी बिड प्रारूप

संलग्नक–01

**उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण तथा आपूर्ति हेतु तकनीकी निविदा प्रपत्र वर्ष 2021–22**

| क्रम | विवरण | विवरण | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदादाता का नाम | | |
| 2. | निविदादाता की फर्म नाम तथा पता | ....................................................<br>....................................................<br>......................... | |
| 3. | निविदा प्रपत्र शुल्क राशि के रूप में रू0 590/– की राशि जमा कराने का विवरण आनलाइन ट्रांजेक्शन नम्बर/जमा रसीद अपलोड करें। | Transaction Number: <br>Date of Transaction: <br>Amount: Rs 590.00 | |
| 4. | निविदादाता द्वारा अनुबन्ध से पूर्व रू0 100/– के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में Bid Security Declaration /शपथ पत्र (संलग्नक–04) | | |
| 5. | निविदादाता फर्म के पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें | | |
| 6. | निविदादाता फर्म के प्राधिकृत सम्पर्ककता के नाम | | |
| 7. | निविदादाता फर्म के अधिकृत सम्पर्ककता का फोन/मोबाइल नम्बर | | |
| 8. | निविदादाता फर्म का ई–मेल | | |
| 9. | निविदादाता फर्म के जी0एस0टी0 पंजीकरण की सम्बन्धी जी0एस0टी0 पंजीकरण की स्वप्रमाणित पंजीकरण की प्रति अपलोड करें। | | |
| 10. | निविदादाता फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट न किये जाने सम्बन्धी शपथपत्र की स्कैन प्रति अपलोड करें। (संलग्नक–03) | | |
| 11. | निविदादाता फर्म के वार्षिक टनओवर सम्बन्धी सी0ए0 के प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति अपलोड करें (प्रत्येक वर्ष में रू0 5000000/– से कम नहीं होना चाहिए) | **Financial Year** / **Turn Over**<br>2017 -18: <br>2018 -19: <br>2019 -20: | |
| 12. | निविदादाता फर्म के आयकर रिटर्न जमा करने सम्बन्धी प्रमाण की स्कैन प्रति अपलोड करें। | Assessment Year 2018-19<br>Assessment Year 2019-20<br>Assessment Year 2020-21 | |
| 13. | निविदादाता फर्म द्वारा पूर्व में की गयी आपूर्तियों का अनुभव प्रमाण पत्र स्कैन प्रति अपलोड करें। | | |
| 14. | मुद्रक फर्म के किसी पेपर मिल्स की अधिकृत विक्रेता होने का प्रमाण पत्र | | |

हस्ताक्षर निविदादाता
मुह

संलग्नक–02

# Technical Specification Of Answer Books

| S.N. | Particulars | Rates |
|---|---|---|
| 1- | **Answer Books**<br><br>Print Size-A4 (28 lined landscape Paper, Size 9'×11'' 70 GSM Map litho white Color<br>• Front page-UOU logo with signature of Examination Controller, booklet serial number and table for marks award etc.<br>• Instructions for examine in back side of front page.<br>• Thread stitching by left side, left margin with Uttarakhand Open University lining.<br>• Packing of copy with use good quality water resistant poly bag, each bag contains only 500 booklets only. | Rates are to be quoted in financial bid ONLINE Only |
| 2- | **Examination Forms** (approx 25 thousands each)<br>• **UOU-2,** Print Size- legal (70 GSM) mono Color as per specification.<br>• **UOU-3,** Print Size- legal (70 GSM) mono Color as per specification.<br>• **UOU-5,** Print Size- legal (70 GSM) mono Color as per specification.<br>• **UOU-6,** Print Size- legal (70 GSM) mono Color as per specification.<br>• **UOU-7** Print Size- legal (70 GSM) mono Color as per specification.<br>**UOU-8** Print Size- legal (70 GSM) mono Color as per specification. | Rates are to be quoted in financial bid ONLINE Only |

# On Rs. 100/- Non Judicial Stamp Paper

## PROFORMA FOR
## NON BLACKLISTING AFFIDAVIT

### UNDERTAKING

I/we do hereby declare that our firm is not black listed or debarred or prohibited by Government of Uttarakhand /Government of India or any State Government / Board / Universities, since inception of the Firm/Company, and no enquiry is pending against my/our firm/company and no criminal case is pending against the firm/company.

I further undertake and understand that if above declaration proves to be wrong/ incorrect or misleading, our tender/ contract stands to be cancelled/ terminated.

Signature of Authorized Person
Name and seal of the firm
Date: …../…../2021
Conta

# PROFORMA FOR BID SECURITY DECLARATION

**(To be submitted on Rs. 100/- Non Judicial Stamp Paper)**

## DECLARATION

To

The Registrar,
Uttarakhand Open University Haldwani.

Sir/Madam,

I/We, the under signed declare that,

I/We understand that according to your conditions, bids must be supported by a Bid Security Declaration.

I/We accept that I/We may be disqualified from bidding for any contract with you for a period of one year from the date of notification f1 am/We are in a breach of any obligation under the bid conditions, because I/We

(a) Have withdrawn / modified / amended, impairs or damages from the tender, my / our Bid During the period of bid validity specified in the form of Bid, or

(b) having been notified of the acceptance of our Bid by the purchaser during the period of bid validity (i) fail or refuse to execute the contract, if required, or (ii) fail or refuse to furnish the performance security , inaccordance with the instructions to Bidders.

1 / We understand this Bid Securing Declaration shall lease to be valid if I am/we are not the successful Bidder, upon the earlier of (i) the receipt of your notification of the name of the successful Bidder ; or (ii) thirty day safter the expiration of the validity of my / our Bid.

Signature:________________

In the capacity of:____________________

Name:_________________________

Duly authorized to sign the bid for an on behalf of M/s.______________________________ Dated on____________________day of___________________

Corporate Seal:

(Note: In case of a Joint Venture, the Bid Securing Declaration must be in the name of all Partners to the Joint Venture that submits the bid.